12

सं. 21/145/2013-एम एंड जी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

जारी किया
ISSUED
27 NOV 2013

एन डी सी सी-II भवन, जयसिंह रोड़,
नई दिल्ली, 27 नवम्बर, 2013

सेवा में

श्री आनंद कुमार वर्मा,
8/22, किंग मार्ग, ग्वाल टोली,
हमीरपुर, उत्तर प्रदेश

विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मांगी गई सूचना प्रदान करना ।

महोदय,

मुझे उपर्युक्त विषय पर आपके दिनांक 05.09.2013 के दो आवेदनों का उल्लेख करना है।

2. इस मंत्रालय के नोडल प्वाइंट के रिकार्ड के अनुसार, आपका दिनांक 04.07.2013 का पत्र/याचिका इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, राज्यसभा के सदस्य के तौर पर नामांकन के लिए आपका अभ्यावेदन/ याचिका अग्रेषित करने संबंधी उपराष्ट्रपति सचिवालय का दिनांक 22/2/2013 का पत्र इस कार्यालय में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्राप्त हुआ है।

3. इस संबंध में, यह उल्लेख किया जाता है कि उचित कार्रवाई किए जाने हेतु सीधे कार्यालय में प्राप्त राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति सचिवालय, मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के माध्यम से अग्रेषित अन्य अभ्यावेदनों/याचिकाओं सहित, आपके अभ्यावेदन/याचिका को राज्य सभा में नामांकन हेतु विचार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया था। तथापि, आपका नाम शार्टलिस्ट नहीं किया गया है। इस संबंध में यह भी नोट किया जाए कि राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा उचिव कार्रवाई हेतु इस मंत्रालय को याचिका अभ्यावेदन का अग्रेषण राज्य सभा में नामांकन के लिए आदेश नहीं है।

4. इस संबंध में उचित प्राधिकारी का नाम श्री एस. सुरेश कुमार, संयुक्त सचिव (सी एस), एवं प्रथम अपील प्राधिकारी, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी-II भवन, जय सिंह रोड़, नई दिल्ली हैं।

संलग्नक: यथोपरि

भवदीय,

(आशुतोष जैन)
निदेशक (सी एस-II) एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
दूरभाष: 23438147

प्रतिलिपि सूचनार्थ अग्रेषित:-

श्री एस.सामंत, अवर सचिव, आर टी आई प्रकोष्ठ, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को उनके दिनांक 04.10.2013 के पत्र सं. ए-43020/01/2013-आर टी आई के संदर्भ में।

17/2013
27/11/13

(2)

सेवा में, (प्राथमिकता) (अति-आवश्यक/अतिशीघ्र) पंजीकृत (डाक से)

श्रीयुत गृह सचिव, गृह मन्त्रालय,
भारत सरकार, नार्थ ब्लाक,
नई दिल्ली।

विषयः– राष्ट्रपति सचिवालय के अग्रेषण पत्र संख्या आई0डी0नम्बर--9(7)–सीए(1)/2012 अन्तर विभागीय आदेश द्वारा केन्द्रीय गृह सचिव, गृह मन्त्रालय भारत सरकार को अग्रेषित कर दिया गया है। जिसे केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी सौरभ विजय तथा गृह मन्त्रालय के ज्वाईण्ट सेक्रेटरी (सीएस)एस0 सुरेश कुमार द्वारा प्रमाणित किया गया है प्रार्थी आनन्द कुमार वर्मा पुत्र श्री गया प्रसाद वर्मा निवासी 8/22 किंग रोड ग्वालटोली, हमीरपुर उ0प्र0 मनोनीत राज्य सभा सदस्य (सांसद) पद की शपथ दिलाने हेतु सभापति (उप राष्ट्रपति) जी से दिलाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाय।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि नामांकन अनुच्छेद 80(1)(क) के तहत किया गया है। जिसमें अनुच्छेद के खण्ड–3 के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा हेतु 12 सदस्यों को नामांकित किये जाने का प्राविधान है। अनुच्छेद–80(3) में यह उल्लेख किया गया है कि खण्ड–1 के उपखण्ड (क) के तहत राष्ट्रपति द्वारा नामांकित किये जाने वाले सदस्य उन व्यक्तियों में से होंगे जिन्हे निम्न लिखित ऐसे मामलों नामतः साहित्य, विज्ञान, कला तथा सामाजिक सेवा का विशेष ज्ञान प्राप्त हो अथवा इन विषयो का व्यवहारिक अनुभव हो। दिनांक 30--05--2012 को एस0 सुरेश कुमार, सयुंक्त सचिव, (सी0एस0) गृह मन्त्रालय द्वारा राष्ट्रपति सचिवालय के पत्र को रिसीव किया गया तथा हस्ताक्षर से प्रमाणित किया गया है। अन्तर विभागीय पत्र संख्या–9(7) सीए (1)–2012 व 0345/आर.टी.आई./05/11–12 सूचना का अधिकार के द्वारा यह जानकारी में आया है कि प्रार्थी आनन्द कुमार वर्मा को राज्य सभा सदस्य पद हेतु नामांकन किया गया है।

कृपया प्रार्थी को उप राष्ट्रपति जी से शपथ दिलाये जाने हेतु समुचित कार्यवाही करे। अभी तीन सदस्यो के पद खाली है।

अति महान दया होगी।

संलग्नक–

1–पत्र संख्या–0345 आर.टी.आई./05/11–12 राष्ट्रपति सचिवालय (आर.टी.आई.) अनुभाग के आदेश की फोटो प्रति।

2– राष्ट्रपति सचिवालय के आईडी नम्बर–9 (7)–सीए–1/2012 चयनित पत्र की फोटो प्रति।

3– उप राष्ट्रपति सचिवालय का आदेश संख्या–फाईल संख्या–वीपीएस–22/02/2013 (P)

दिनांक – 4/7/2013

भवदीय
आनन्द कुमार वर्मा
(आनन्द कुमार वर्मा),
पुत्र श्री गया प्रसाद वर्मा,
निवासी
8/22 किंग रोड ग्वालटोली
हमीरपुर।

भारतीय डाक
India Post

RL HAMIRPUR HO <210301>
RU532209655IN
Counter No:1,OP-Code:06
To:SRI YUT KENDRIYA,GREH SACHIV VARISTI
New Delhi G.P.O., PIN:110001

Wt:20grams,
PS:22.00, , 04/07/2013 , 12:53
<<Have a nice day>>